प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 15.06.2026

- **थाना शिवली पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए हत्या की घटना कारित करने वाले वांछित 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 13.06.2026 को थाना शिवली क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मलिकपुर में **विपक्षी सूरज सिंह पुत्र स्व0 गोविन्द्र सिंह निवासी ग्राम मलिकपुर थाना शिवली जनपद कानपुर देहात द्वारा प्रताप सिंह पुत्र स्व0 जगन्नाथ निवासी ग्राम मलिकपुर थाना शिवली जनपद कानपुर देहात की घर में हत्या किये जाने के सम्बन्ध में** मृतक के भाई श्री भूरा सिंह पुत्र जगन्नाथ सिंह निवासी ग्राम मलिकपुर थाना शिवली जनपद कानपुर देहात द्वारा थाना स्थानीय पर दी गयी तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 209/2026 धारा 103(1) बीएनएस बनाम **सूरज सिंह पुत्र स्व0 गोविन्द सिंह निवासी ग्राम मलिकपुर थाना शिवली जनपद कानपुर देहात पंजीकृत किया गया है। थाना शिवली पुलिस टीम द्वारा** अभियोग में त्वरित कार्यवाही करते हुये साक्ष्य संकलन के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में नामित अभियुक्त **सूरज सिंह पुत्र स्व0 गोविन्द सिंह निवासी ग्राम मलिकपुर थाना शिवली जनपद कानपुर देहात को** दिनांक 14.06.2026 को मुखबिर खास की सूचना पर ग्राम मलिकपुर मोड़ से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त से की गयी पूछताछ के क्रम में अभियुक्त की निशांदेही पर आलाकत्ल **कैंची** बरामद की गयी। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का नाम व पता -

1. सूरज सिंह उम्र करीब 22 वर्ष पुत्र स्व0 गोविन्द सिंह निवासी ग्राम मलिकपुर थाना शिवली जनपद कानपुर देहात।

बरामदगी का विवरण-

1. 01 कैंची (छोटी) आलाकत्ल।
2. जामा तलाशी से प्राप्त ₹120/- व सिगरेट, बीड़ी की डिब्बी।

पूछताछ अभियुक्त - पूछचाछ में बताया कि मैं अपने दादा प्रताप सिंह व भूरा सिंह के साथ मलिकपुर गांव में सड़क किनारे बने मकान में रहता हूँ हम लोग खुद ही खाना बनाकर खाते थे। मेरे माता पिता की कई वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी है। कुछ दिन पहले गेंहू बेचने को लेकर दादा भूरा सिंह से झगड़ा हो गया था तो वह घर से चले गये थे फिर वह अलग पुराने घर पर रहने लगे। हमारे खाने पीने का सामान व राशन कम हो रहा था दादा प्रताप सिंह मेरे साथ ही रह रहे थे। मुझे लगा कि मेरे दादा जी भूखे मर जायेगे जिस कारण पास में रखी कैंची को उनकी गर्दन के पास 03-04 बार कैंची मार दी। मेरे दादा वहीं पर गिर पड़े उनकी गर्दन व मुंह से खून निकलने लगा वह कुछ बोल नही पा रहे थे वहीं पर पड़े रहे और कुछ देर बाद मर गये। मैने कैंची रुमाल में रखकर ऊपर वाले कमरे में ईट के नीचे छिपा दी थी और अपनी बुआ पानकुमारी के घर रतनपुर पनकी, कानपुर नगर चला गया वहाँ पर मैने उनको डर के कारण बता दिया कि दादा प्रताप सिंह सीढ़ी से गिरकर खत्म हो गये। मैने डर के कारण किसी को सही बात नही बतायी थी।

गिरफ्तार करने वाली थाना शिवली पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री अमरेन्द्र बहादुर सिंह
2. उ0नि0 श्री अजय कुमार
3. हे0का0 229 मोहित यादव
4. रि0का0 1008 लोकेश कुमार
5. हे0का0 562 जय कृष्ण